1	2
(v) Medicine	0·7
(vi) Veterinary	@
(vii) Agriculture	1·0
(viii) Law	1·4
(ix) Education	8·7
(x) Others	0·3
4. Post-graduates: *Total* :	42.3
(i) Arts	23·5
(ii) Science	9·5
(iii) Commerce	8·1
(iv) Engineering	0·1
(v) Medicine	0·1
(vi) Veterinary	—
(vii) Agriculture	0·2
(viii) Law	@
(ix) Education	0.6
(x) Others	0·3
TOTAL :	1289·8

Note:— 1. @Figures less than 50.

2. —Nil

3. Figures may not add up to total due to rounding off.

बीड़ी कर्मकारों के लिए कल्याण निधि

1339. **श्री अजीत जोगी :**

कुमारी सुशीला तिरिया :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान बीड़ी कर्मकार कल्याण निधि के लिए विभिन्न राज्यों से कुल कितनी राशि एकत्रित की गई ;

(ख) इसी अवधि के दौरान इस निधि से बीड़ी कर्मकारों के कल्याण हेतु कितनी राशि का दान किया गया था ;

(ग) विभिन्न राज्यों में उन योजनाओं का ब्यौरा क्या है जिनके लिए इस राशि का उपयोग किया गया था और इस संबंध में अब तक कुल कितनी धनराशि खर्च की गई है ;

(घ) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश में बीड़ी कर्मकारों की संख्या अन्य राज्यों से अधिक है जबकि इस राज्य को उस

अनुपात में वित्तीय सहायता नहीं मिल रही है ; और

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में सहायता देने का मानदण्ड क्या है ?

श्रम मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पवन सिंह घटोवार) : (क) पिछले तीन वर्षों अर्थात् 1988–89, 1989–90 और 1990–91 के दौरान बीड़ी कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम, 1976 के अन्तर्गत निर्मित बीड़ियों पर उपकर लगाकर एकत्र की गयी धन राशि के राज्यवार ब्यौरे विवरण–I में दिये गये हैं । (नीचे देखिये)

(ख) बीड़ी कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम, 1976 में बीड़ी कर्मकारों के कल्याण के लिए चन्दा देने का प्रावधान नहीं है ।

(ग) इस निधि का उपयोग बीड़ी कर्मकारों और उनके परिवारों को आवासीय, स्वास्थ्य, शैक्षणिक, मनोरंजन संबंधी और परिवार कल्याण सुविधाएं प्रदान करने के लिए किया जाता है । प्रदान की गयी धनराशि के राज्यवार ब्यौरे नहीं रख जाते हैं । प्रत्येक क्षेत्र में राज्य वार किए गए व्यय के ब्यौरे जिसमें एक अथवा एक से अधिक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र शामिल हैं, विवरण–II (नीचे देखिये) में दिये गये हैं । प्रत्येक क्षेत्र में 1988–89, 1989–90 और 1990–91 के दौरान योजनाओं के ब्यौरे और उन योजनाओं पर खर्च की गयी कुल राशि दर्शाने वाला विवरण अनुपत्र में दिया गया है । [देखिये परिशिष्ट 162, अनुपत्र सं० 34]

(घ) और (ङ) प्रत्येक राज्य में बीड़ी कर्मकारों की संख्या को दर्शानेवाला विवरण III (नीचे देखिये) पर दिया गया है । मध्य प्रदेश में बीड़ी कर्मकारों की संख्या आन्ध्र प्रदेश और तमिलनाडु के समान ही है । क्षेत्र के कर्मकारों के आधार पर बीड़ी कर्मकार कल्याण निधि से वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की जाती है । श्रम मंत्रालय क्षेत्र की आवश्यकता के आधार पर अपने फिल्ड आफिसर्स के माध्यम से कल्याणकारी योजनाएं कार्यान्वित करता है (ब्यौरे अनुबन्ध III) पर दिए गए हैं । निधियां क्षेत्रों के आधार पर प्रदान नहीं की जाती अपितु विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों से प्राप्त योजनाओं के आधार पर प्रदान की जाती हैं।

विवरण–I

पिछले तीन वर्षों के दौरान बीड़ी उद्योग से कल्याण उपकर के रूप में राज्य-वार और वर्ष-वार एकत्र की गई राशि को दर्शाने वाला विवरण

(रु० हजारों में)

क्रम संख्या	राज्य	1988–89	1989–90	1990–91
1	2	3	4	5
1.	आन्ध्र प्रदेश . .	21032	21071	21374
2.	बिहार . . .	5930	5713	6143
3.	गुजरात . . .	286	202	192
4.	कर्नाटक . .	17127	15461	15104

1	2	3	4	5
5.	केरल . . .	4555	4627	4539
6.	असम . . .	97	107	116
7.	मध्य प्रदेश . .	25289	21612	20114
8.	महाराष्ट्र . .	10200	9470	9285
9.	उड़ीसा . . .	1391	1460	1346
10.	राजस्थान . .	1160	1112	1093
11.	तमिलनाडु . .	18728	18581	20825
12.	उत्तर प्रदेश . .	7481	6187	6796
13.	पश्चिमी बंगाल . .	11708	12689	13869
	कुल :	124984	118292	120796

विवरण–II

पिछले तीन वर्षों में बीड़ी कर्मकार कल्याण निधि से लिए गए क्षेत्रवार और वर्षवार व्यय को दर्शाने वाला विवरण

(रु. हजारों में)

क्रमांक	क्षेत्र	लाभान्वित होने वाले राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	किया गया व्यय			योग
			1988–89	1989–90	1990–91	
1	2	3	4	5	6	7
1.	इलाहाबाद	उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, दिल्ली और चंडीगढ़	4006	5605	6435	16046
2.	बैंगलोर	कर्नाटक, केरल और लक्षदीप द्वीप समूह	17857	21016	23071	61944
3.	भीलवाड़ा	राजस्थान, गुजरात और हरियाणा	4939	7577	6931	19447
4.	भुवनेश्वर	उड़ीसा	4044	3950	4987	12981

1	2	3	4	5	6	7
5.	कलकत्ता	असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, नागालैंड, मणिपुर और त्रिपुरा	4638	5849	6154	16641
6.	हैदराबाद	आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पांडिचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	6415	11173	8697	26285
7.	जबलपुर	मध्य प्रदेश	6345	8643	10756	25744
8.	करमा	बिहार	2592	5162	6166	13920
9.	नागपुर	महाराष्ट्र, गोवा दमन और दीव और दादरा और नागर हवेली	15071	14591	13377	43039
		योग :	65907	83566	86574	236047

विवरण –III

क्रम संख्या	राज्यों के नाम	बीड़ी श्रमिकों–की संख्या
1	2	3
1.	असम	7,725
2.	आन्ध्र प्रदेश	6,00,000
3.	बिहार	3,91,500
4.	गुजरात	2,03,000
5.	कर्नाटक	3,55,244
6.	केरल	1,21,331
7.	मध्य प्रदेश	6,00,000
8.	महाराष्ट्र	2,50,000
9.	उड़ीसा	1,60,000
10.	राजस्थान	2,70,000
11.	तमिलनाडु	6,00,000
12.	त्रिपुरा	5,000
13.	उत्तर प्रदेश	4,50,000
14.	पश्चिम बंगाल	4,50,000
	योग :	44,72,800